**Department of Information Technology & Communication**
**List of Total Budget Announcements for F.Y. 2021-2022**

| S. No | Para No. | Annoucement Para / Description |
|---|---|---|
| 1 | 6.04.0 | प्रदेश में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए, केवल Project Appraisal के आधार पर बिना किसी शर्त के Seed Money के रूप में 5 लाख रुपये प्रति स्टार्टअप सहायता राशि दिया जाना प्रस्तावित। |
| 2 | 47.00.0 | तकनीकी शिक्षा को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए जोधपुर में 400 करोड़ रुपये की लागत से Fintech Digital University स्थापित करने की घोषणा। जिसमें School of Computer Science and IT, Finance and Accounting, Data Analytics व Analytical Mathematics की स्थापना की जायेगी। इसके तहत प्राइवेट सेक्टर के Collaboration से विभिन्न latest technology आधारित courses उपलब्ध करवाये जायेंगे। |
| 3 | 47.01.0 | जयपुर में 200 करोड़ रुपये की लागत से Rajasthan Institute of Advanced Learning की Deemed University के रूप में स्थापना की जायेगी। |
| 4 | 52.00.0 | विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल विकसित करने के लिए राज्य में 9 शैक्षिक संभाग स्तर पर Incubation Cell स्थापित किये जायेंगे। इस प्रकार School Startup कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए इन Startups को Hub & Spoke Model के माध्यम से Techno Hub से जोड़ा जायेगा। |
| 5 | 53.0.0 | प्रदेश में युवाओं को नवीनतम IT Technology जैसे Artificial Intelligence, Machine Learning, Robotics एवं Virtual Reality में Certificate Courses व Multi Discipilinary Research कराने के साथ-साथ आमजन को आकर्षक रूप से इन तकनीकों की जानकारी कराने के लिए जयपुर में लगभग 200 करोड़ रुपये की राशि से Rajiv Gandhi Centre of Advance Technology (R-CAT) स्थापित करने की घोषणा। |
| 6 | 104.0.0 | प्रदेश के विकास में युवाओं को आगे लाने व उनकी उद्यमिता का विकास करने की दृष्टि से प्रदेश में Startups को विभिन्न सुविधायें दे रहे हैं। वर्तमान में i-Start कार्यक्रम बड़े शहरों तक सीमित है। राज्य का ग्रामीण युवा दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ-साथ Innovation करने की क्षमता को भी समय-समय पर प्रदर्शित कर चुका है। अतः आगामी वर्ष में Rural i-Start कार्यक्रम वृहद् स्तर पर लागू किया जाना प्रस्तावित है। |
| 7 | 105.0.0 | युवाओं को प्रतिभा दिखाने व स्वरोजगार प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जायेगा। राज्य में रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स को, विभिन्न विभागों द्वारा, चयनित कार्यों हेतु 15 लाख रुपये तक के कार्यादेश बिना टेंडर प्रणाली के दिये जा सकेंगे। |
| 8 | 238.0.0 | विभिन्न राजकीय योजनाओं को ऑनलाइन करने में दस्तावेजों व भौतिक सत्यापन के माध्यम से पात्रता का प्रमाणीकरण एक बड़ी बाधा है। समस्त योजनाओं के लिए भौतिक सत्यापन व दस्तावेज के स्थान पर डाटा आधारित ऑनलाइन प्रमाणीकरण का कार्य करते हुए 2 अक्टूबर, 2021 को गांधी जयंती के अवसर पर पूर्ण कर लिया जायेगा। |
| 9 | 239.0.0 | राजस्थान का भामाशाह स्टेट डाटा सेन्टर देश का अग्रणी, Tier-IV Standard का डाटा सेन्टर है। इसके माध्यम से राज्य व अन्य राज्यों के विभिन्न विभागों तथा निकायों के साथ-साथ स्टार्टअप्स एवं निजी क्षेत्र को भी आईटी की सेवायें उपलब्ध करायी जायेंगी। देश में डाटा सेन्टर की सेवाओं से राजस्व प्राप्त करने वाला राजस्थान प्रथम राज्य होगा। |
| 10 | 398.0.0 | स्पोर्टस व अन्य चयनित क्षेत्रों में Startups को promote करने के लिए Private Sector के सहयोग से Challenge Events का आयोजन किया जायेगा। इन Events में चयनित Startups को Venture Capital व Angel Funds द्वारा स्वीकृत राशि के बराबर राज्य सरकार द्वारा Matching Share दिया जायेगा। |